राजकीय मेडिकल कॉलेज, एवं अस्पताल, बेतिया के भवन निर्माण हेतु निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही

File- BMSIC/75045/02-2013/

दिनांक 15/2/2014 को BMSICL पटना के सभाकक्ष में राजकीय चिकित्सा महाविधालय एवं अस्पताल, पश्चिम चंपारण, बेतिया के भवन निर्माण हेतु आमंत्रित वित्तीय निविदा के निष्पादन हेतु निविदा समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें निम्न पदाधिकारियों ने भाग लिया :-

(1) श्री प्रवीण किशोर, प्रबंध निदेशक, BMSICL Patna

(2) श्री संजय कुमार, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग, पटना

(3) श्री आनंद किशोर प्रसाद, (C.G.M. Projects, BMSICL Patna)

(4) श्री अमीर हसन, महाप्रबंधक (BSRDC) Patna

(5) श्री मोहन प्रसाद साह, (G.M. Projects, BMSICL Patna)

(6) श्री त्रिपुरारी कुमार, (G.M. F & A, BMSICL Patna)

(7) श्री संजीव रंजन, (Dy. G.M. Projects, BMSICL Patna)

BMSICL, पटना द्वारा निविदा आमंत्रण संख्या-BMSICL/Infra/04-2013 दिनांक 14/8/2013 के द्वारा राजकीय चिकित्सा महाविधालय एवं अस्पताल, पश्चिम चंपारण, बेतिया के प्री-क्वालिफिकेशन बिड हेतु ई-टेन्डर पद्धति (www.eproc.bih.gov.in) से निविदा आमंत्रित की गई थी। प्री-क्वालिफिकेशन बिड में कुल दस फर्मो के द्वारा e-procurement के वेबसाईट पर निविदाओं को Upload किया गया, जिसमें से चार फर्मो की निविदाएं तकनीकी रूप से सफल मानी गयी (निविदा समिति की दिनांक 12 एवं 13/12/2013 को आयोजित बैठक की कार्यवाही के अनुसार)। ततपश्चात चारों सफल निविदाकारों से इस कार्यालय के NIT No.-BMSICL/Infra/01/2014 के माध्यम से www.eproc.bih.gov.in पर 25/01/2014 तक वित्तीय निविदा आमंत्रित की गई जिसमें वित्तीय निविदा खोलने के पश्चात तुलनात्मक विवरणी के आधार पर Coarsan Corviam Construction S.A., 2nd Floor, Block 2, Vatika Business Park, Secrtor 49, Gurgaon, Hariyana की निविदा प्रथम न्यूनतम पाई गई जिसके अनुसार उक्त निविदादाता की कुल निवेदित राशि रूपया 691,99,84,968.80 (छः सौ एकानबे करोड़ निन्यानबे लाख चौरासी हजार नौ सौ अड़सठ रूपया अस्सी पैसा) है, जो बी.ओ.क्यू. की राशि से 28.41 प्रतिशत अधिक है।

निविदा समिति की दिनांक 1/2/2014 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रथम न्यूनतम निविदादाता Coarsan Corviam Construction S.A., Gurgaon द्वारा दी गई दर अत्यधिक होने के कारण इस कार्यालय के पत्रांक BMSIC/75045/02-2013/755 दिनांक 1/2/2014 द्वारा समझौता वार्ता एवं उधृत दर को Justify करने हेतु आमंत्रित किया गया। उक्त आमंत्रण के आलोक में Coarsan Corviam Construction S.A., Gurgaon का प्रबंध निदेशक के नेतृत्व में एक दल 5/2/2014 को कार्यालय में

उपस्थित हुआ एवं समझौता वार्ता की गई । वार्ता उपरांत उक्त फर्म के प्रबंध निदेशक द्वारा 10/2/2014 को वे रूपया 691.99 करोड़ के स्थान पर निम्न शर्तो के साथ रूपया 685.72 करोड़ पर कार्य करने हेतु सहमति दी गई है जो बी.ओ.क्यू. की राशि से 27.25 प्रतिशत अधिक है :–

1. The total interest rate to be charged to mobilization, Machinary and Plant advance payment would be according to bank deposit rates (i.e. 9%) instead of 14% as mentioned in "scheduled F-(V) rate of interest".
2. Since there are land acquisition and demolition involved in every of the four phases of the project, in order to fixup the "date of commencement" for each phase according to clause "schedule F-mile stone as per table given below", both activities mentioned above should be accomplished before starting to count the execution time.

Coarsan Corviam Construction S.A., Gurgaon के प्रबंध निदेशक से प्राप्त सशर्त प्रस्ताव पर निविदा समिति द्वारा सम्यक विचारोपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त फर्म द्वारा दिया गया दर बिहार में चालू अनुसूचित दर पर भवन निर्माण विभाग द्वारा आवंटित अन्य समरूप परियोजना के आवंटित प्रतिशत दर से काफी अधिक है । इसलिए प्रथम बार आमंत्रित इस निविदा को स्वीकार नहीं किया जा सकता है एवं पुनः निविदा आमंत्रित की जा सकती है ।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ निविदा समिति की बैठक समाप्त की गई ।

(संजीव रंजन)	(त्रिपुरारी कुमार)	(मोहन प्रसाद साह)	(अमीर हसन)
उपमहाप्रबंधक (परियोजना)	महाप्रबंधक (वित्त)	महाप्रबंधक (परियोजना)	महाप्रबंधक
बी. एम.एस.आई.सी.एल.	बी.एम.एस.आई.सी.एल.	बी.एम.एस.आई.सी.एल.	बी.एस.आर.डी.सी.

(आनंद किशोर प्रसाद)	(संजय कुमार)	(प्रवीण किशोर)
मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)	संयुक्त सचिव,	प्रबंध निदेशक
बी.एम.एस.आई.सी.एल.	स्वास्थ्य विभाग, पटना	बी.एम.एस.आई.सी.एल.